# टेक्सटाइल पार्क तक चार लेन सड़क बनेगी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मलिहाबाद स्थित अटारी गांव में बनने जा रहे टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क तक पहुंचने के लिए 4 लेन सड़क का निर्माण होगा। इससे 1100 एकड़ में विकसित हो रहे इस पार्क को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। इस मेगा टेक्सटाइल और अपैरल पार्क के विकास से 1 लाख युवाओं को रोजगार मिलने की उम्मीद है।

फोर लेन परियोजना के लिए कई विकल्पों पर विचार : हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग विभाग द्वारा आउटर रिंग रोड (रैथा अंडरपास) से पीएम मित्र पार्क तक कुल लंबाई 14.280 किमी (ग्रीन फील्ड में फोर लेन मार्ग निर्माण) तथा रैथा अंडरपास से आईआईएम तक कुल लंबाई 8.800 किमी तक 454.34 करोड़ रुपये का प्रस्ताव बनाया गया है। विकल्प-दो के तहत आउटर रिंग रोड (रैथा अंडरपास) से निकल कर ग्रीन फील्ड होते हुए अटारी फार्म तक जाता है। इसकी लंबाई 14 किमी है एवं लागत 415.00 करोड़ है। विकल्प-5 के तहत दुबग्गा आईआईएम रिंग रोड से पूर्व निर्मित दुबग्गा माल रोड, ग्रीन फील्ड होते हुए अटारी फार्म तक जाता है, इसकी कुल लंबाई 24 किमी है एवं इसे 4 लेन किए जाने के लिए कुल लागत 1415.25 करोड़ रुपये आएगी। वहीं, अटारी गांव से 20 किमी की दूरी पर एनएच-20 और एसएच-20 है। यह क्रमशः लखनऊ को सीतापुर और हरदोई से जोड़ता है। वहीं 20 किमी की दूरी पर 6 लेन ऑउटर रिंग रोड है।